passing 12th class of the general 10 + 2 pattern of education.

For the part-time Diploma classes in Electrical and Mechanical Engg., fifteen seats for each discipline are exclusively provided for the students passing out of the Senior Secondary Technical Schools.

(d) Does not arise.

**House Building Advance to the Employees of Rashtriya Sanskrit Sansthan**

10153. SHRI R. N. RAKESH: Will the Minister of EDUCATION be pleased to state reasons for not extending House building advance facilities to the employees of Rastriya Sanskrit Sansthan when the same are available to the employees of similar organisations such as N.C.E.R.T. and National Book Trust of India?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRI P. K. THUNGON): The question of extending House building advance facilities to the employees of the Rashtriya Sanskrit Sansthan is being examined within the provisions of the bye-laws and rules of the Sansthan.

**बिहार में सामुदायिक स्वास्थ्य मार्गदर्शक योजना**

10154. **श्री अजित कुमार मेहता:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने 2 अक्तूबर, 1977 को लागू की गई "सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता योजना" का दोबारा नाम रखने के बाद देश में "सामुदायिक मार्गदर्शक योजना" को लागू करने का निर्णय किया है;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार 1 दिसम्बर 1981 में इस योजना पर पूरा व्यय वहन करने के लिये सहमत हो गई है;

(ग) क्या बिहार सरकार ने वित्तीय संकट का बहाना बना कर 1 सितम्बर, 1980 से इस योजना को समाप्त कर दिया है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता योजना का कार्य-निष्पादन संतोषजनक था;

(घ) क्या बहुत से संसद सदस्यों और बिहार विधान सभा के 117 सदस्यों ने प्रधान मंत्री, मुख्य मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को इस योजना को लागू करने का अनुरोध किया है; और

(ङ) यदि हां, तो बिहार सरकार के 7,500 प्रतिशत सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को रोजगार उपलब्ध कराने और सामुदायिक स्वास्थ्य मार्गदर्शन योजना को शीघ्र शुरू करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री कुमारी कुमुद बेन. एम. जोशी:** (क) पहले चल रही जन स्वास्थ्य रक्षक योजना में महत्वपूर्ण संशोधन करने के बाद देश में स्वास्थ्य गाइड योजना शुरू की जा चुकी है।

(ख) जी हां।

(ग) 1979-80 में, अब इन भारत सरकार और राज्य सरकारों के बीच आधा-आधा धन लगा कर चलाई जाने वाली योजना अर्थात् केन्द्र की सहायता से चलने वाली योजना बना दिया गया था तो बिहार सरकार ने इसे बन्द कर दिया था। बिहार सरकार खर्च का अपना हिस्सा वहन करने को सहमत नहीं हुई और पहली सितम्बर, 1980 से उसने अपना हिस्सा देना बन्द कर दिया।

(घ) हां।

(ङ) स्वास्थ्य गाइड योजना को परिवार कार्यक्रम के अन्तर्गत शत प्रतिशत केन्द्र प्रायोजित योजना बना दिए जाने के बाद बिहार सरकार इसे अपने राज्य में लागू करने के लिए फिर से विचार करने के लिए सहमत हो गई है। वैसे, इस योजना में कोई रोजगार नहीं मिलता और स्वास्थ्य गाइड स्वयं सेवक हैं जिन्हें आकस्मिक खर्च के लिये हर महीने 50/- रुपये का मानदेय दिया जाता है। इस तरह, पहले प्रतिशत किये गये 7,500 जन स्वास्थ्य रक्षकों को रोजगार देने का प्रश्न ही नहीं उठता।